विद्याऽमृतमश्नुते

# PRINCE SCHOOL

Rajasthan Board, English & Hindi Medium, Class IV to XII (Science, Commerce, Arts & Agriculture)

www.princeeduhub.com | Palwas Road, Sikar. Helpline : 9610-69-2222 | princeeducationhubsikar

**Model Paper - III- 2024-25**

**Class - X**

**Time : 3:15 Hours** | **Subject:- Hindi** | **M.M. : 80**

- ***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES:***
  ***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश:***
- ***Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsory.***
  ***परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।***
- ***All the questions are compulsory.***
  ***सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।***
- ***Write the answer to each question in the given answer-book only.***
  ***प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।***
- ***For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.***
  ***जिन प्रश्नों मे आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।***
- ***Write down the serial number of the question before attempting it.***
  ***प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

## खण्ड (अ)

**01. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए -** **[15×1=15]**

**(i)** 16वीं शताब्दी के उतरार्द्ध में 'राग कल्पद्रुम' रचना किसके द्वारा लिखी मानी जाती है- 1

(अ) यतीन्द्र मिश्र (ब) बिस्मिल्लाह खाँ (स) मंगलेश डबराल (द) तानसेन

**(ii)** किस कवि का जन्म 1905 ई. में पंजाब राज्य के 'सोहाना' गाँव में हुआ? 1

(अ) यतीन्द्र मिश्र (ब) मंगलेश डबराल (स) भदंत आनंद कौसल्यायन (द) यशपाल

**(iii)** किस विद्वान को रूस का भाग्यविधाता कहा जाता है? 1

(अ) कार्ल मार्क्स (ब) लेनिन (स) सिद्धार्थ (द) न्यूटन

**(iv)** दक्षिण भारत का मंगल के अवसरों पर बजाया जाने वाला वाद्ययंत्र है- 1

(अ) शहनाई (ब) बाँसुरी (स) नोहा (द) नागस्वरम्

**(v)** किसे 'यथार्थवादी शैली' का विशिष्ट रचनाकार माना जाता है? 1

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (स) मन्नू भण्डारी (द) यशपाल

**(vi)** 'एक कहानी यह भी' पाठ के बारे में असत्य कथन है- 1

(अ) 'एक कहानी यह भी' पाठ मन्नू भण्डारी की आत्मकथा का अंश नहीं अपितु अपने लेखकीय जीवन से जुड़े व्यक्तियों तथा घटनाओं से संबंधित 'आत्मकथ्य' है।

(ब) उस समय लेखिका के परिवार में लड़की के विवाह के लिए अनिवार्य योग्यता 16 वर्ष व मैट्रिक पास थी।

(स) लेखिका का जन्म 1931 ई. को राजस्थान के अजमेर शहर में हुआ।

(द) लेखिका के पिता आर्थिक झटके के कारण इंदौर से अजमेर आ गए थे।

**(vii)** किस साहित्यकार ने 'ईव' की सुन्दरता का वर्णन करते हुए लिखा था कि शैतान भी उसे देखकर ठगा-सा रह जाता था? 1

(अ) जयशंकर प्रसाद (छायावादी कवि) (ब) मिल्टन (अंग्रेजी साहित्यकार)

(स) मधु कांकरिया (यात्रा वृतांत लेखिका) (द) यशपाल (उपन्यासकार)

**(viii)** 'अट नहीं रही है' कविता में कौन से महीने का वर्णन है? 1

(अ) फागुन (ब) श्रावण (स) भाद्रपद (द) आषाढ़

**(ix)** 'मैं क्यों लिखता हूँ?' पाठ किस श्रेणी या विधा की रचना है? 1

(अ) यात्रावृतान्त (ब) उपन्यास (स) कहानी (द) निबंध

**(x)** लेखक के पिताजी बही में किसका नाम लिखते थे ? 1

(अ) राम (ब) कृष्ण (स) विष्णु (द) शिव

**(xi)** क्रिया के व्यापार का सीधा फल कर्ता पर न पड़कर कर्म पर पड़ता है, उसे कहते हैं- 1

(अ) अकर्मक क्रिया (ब) नामधातु क्रिया (स) प्रेरणार्थक क्रिया (द) सकर्मक क्रिया

**(xii)** 'कमलनयन' शब्द में समास है- 1

(अ) द्विगु (ब) बहुव्रीहि (स) कर्मधारय (द) तत्पुरुष

**(xiii)** 'राष्ट्रीय' शब्द में प्रत्यय है- 1

(अ) इय (ब) ईय (स) अनीय (द) य

**(xiv)** 'विद्यालय' शब्द में संधि है- 1

(अ) गुण (ब) वृद्धि (स) यण् (द) दीर्घ

**(xv)** 'रामचरितमानस' के रचयिता हैं- 1

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (स) जयशंकर प्रसाद (द) नागार्जुन

**02. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः-** **[4×1=4]**

(i) अविकारी या अव्यय के भेद ........................................होते हैं। 1

(ii) <u>नेताजी</u> ने देश को आजादी दिलाई थी। रेखांकित शब्द में संज्ञा .......................है। 1

(iii) बाहर कौन गा रहा है? वाक्य में .....................................सर्वनाम है। 1

(iv) जब किसी पदार्थ या प्राणी के रंग, रूप, गुण व दोष का बोध हो, उसे ...............................कहते हैं। 1

**03. निम्नांकित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **[6×1=6]**

अनुशासन का जीवन में गहरा महत्त्व है। अनुशासन ही वह कुंजी है जिससे हम जीवन का विकास कर पाते हैं तथा सफलता के अनेक चरण छूते हैं। यदि हम देखे तो समूची प्रकृति भी एक अनुशासन में बंधी हुई है। सूर्य का नित्य एक ही दिशा में उगना तथा उसी तरह अस्त होना अनुशासन के ही प्रमाण है। चन्द्रमा, तारे, बादल, बिजली सबका अपना अनुशासन है। ठीक उसी प्रकार विद्यार्थी के जीवन में भी अनुशासन का अत्यधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन व्यक्ति के साधन साधना का काल है। जिसमें वह स्वयं का शारीरिक, मानसिक तथा रचनात्मक निर्माण करता है। हम जानते हैं कि स्वच्छ शरीर में ही स्वच्छ मस्तिष्क का निवास होता है। अत: आत्मानुशासन की प्रेरणा विद्यार्थी के जीवन निर्माण की पहली सीढ़ी है। चूँकी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने की अवस्था में बालक का निर्माण सीखने की प्रक्रिया में होता है। इसलिए इस अवस्था में जो वह सीखता है वे उसके जीवन के स्थायी मूल्य बन जाते हैं। संसार में अनेक महापुरुषों ने अनुशासित रहकर ही समूचे विश्व का मार्गदर्शन किया है।

(i) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

(ii) 'अनुशासन' में मूल शब्द व उपसर्ग लिखिए। 1

(iii) विद्यार्थी के जीवन निर्माण की पहली सीढ़ी क्या है? 1

(iv) समूचे विश्व का मार्गदर्शन किसने किया है? 1

(v) जीवन में स्थायी मूल्यों का निर्माण कौन-से काल में होता है? 1

(vi) गद्यांश में सूर्य की क्या विशेषता बताई है? 1

**04. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **[6×1=6]**

अरुण यह मधुमय देश हमारा।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।
सरस तामरस गर्भ विभा पर - नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर - मंगल कुंकुम सारा।
लघु सुरधनु से पंख पसारे - शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस और मुँह किये - समझ नीड़ निज प्यारा।
बरसाती आँखों के बादल - बनते जहाँ भरे करुणा जल।
लहरे टकराती अनंत की - पाकर जहाँ किनारा।
हेम - कुंभ ले उषा सवेरे - भरती ढुलकाती सुख मेरे।
मदिर ऊँघते रहते जब - जगकर रजनी भर तारा।

(i) पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

(ii) प्रस्तुत पद्यांश में कवि जयशंकर प्रसाद ने किस देश की विशेषताओं का उल्लेख किया है? 1

(iii) बादल के दो पर्यायवाची लिखिए। 1

(iv) 'बरसाती आँखों के बादल - बनते जहाँ भरे करुणा जल' पंक्ति का भावार्थ होगा। 1

(v) 'सुरधनु' का अर्थ लिखिए। 1

(vi) पक्षी किसके सहारे आकाश में उड़ रहे हैं ? 1

## खण्ड ( ब )

**निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए।**

**05.** सभ्यता व संस्कृति में अंतर लिखिए। 2

**06.** 'कवि लोंग स्टॉक' क्यों प्रसिद्ध है? 2

**07.** 'बादल' को कवि निराला किन-किन संदर्भों में देखते हैं? 2

**08.** परशुराम के क्रोधित होने का क्या कारण था? 2

**09.** काशी को संस्कृति की पाठशाला क्यों कहा गया है? 2

**10.** लेखक भोलानाथ के पिता पूजा करने के बाद क्या काम करते थे? 2

**11.** 'आग बबूला होना' मुहावरे का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए। 2

## खण्ड ( स )

**12. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उसका बेटा मरा। इकलौता बेटा था वह! कुछ सुस्त और बोदा - सा था, किन्तु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते। उनकी समझ में ऐसे आदमियों पर ही ज्यादा नजर रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज्यादा हकदार होते हैं। बड़ी साध से उसकी शादी कराई थी, पतोहू बड़ी ही सुभग और सुशील मिली थी। घर की पूरी प्रबंधिका बनकर भगत को बहुत कुछ दुनियादारी से निवृत्त कर दिया था उसने।

(i) बालगोबिन भगत का बेटा कैसा था? 1

(ii) बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरमोत्कर्ष कब दिखाई दिया? 1

(iii) भगत जी की दृष्टि में निगरानी और मोहब्बत के ज्यादा हकदार कौन होते हैं? 1

(iv) भगतजी की पतोहू कैसी थी? 1

**अथवा**

शहनाई के उसी मंगलध्वनि के नायक बिस्मिल्ला खाँ साहब अस्सी बरस से सुर माँग रहे हैं। सच्चे सुर की नेमत। अस्सी बरस की पाँचो वक्त वाली नमाज इसी सुर को पाने की प्रार्थना में खर्च हो जाती है। लाखों सजदे, इसी एक सच्चे सुर की इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं। वे नमाज के बाद सजदे में गिड़गिड़ाते हैं- मेरे मालिक एक सुर बख्श दे। सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखों से सच्चे मोती की तरह अनगढ़ आँसू निकल आएँ, उनको यकीन है, कभी खुदा यूँ ही उन पर मेहरबान होगा और अपनी झोली से सुर का फल निकालकर उनकी और उछालेगा फिर कहेगा, ले जा अमीरूद्दीन इसको खा ले और कर ले अपनी मुराद पुरी।

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके लेखक कौन है? 1

(ii) शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक किसे बताया गया है और क्यों? 1

(iii) बिस्मिल्ला खाँ अस्सी बरस से क्या माँग रहे हैं? 1

(iv) बिस्मिल्ला खाँ सजदे में क्या गिड़गिड़ाते हैं? 1

**13. निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **[4×1=4]**

ऊधौ तुम हौ अति बड़भागी

अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।

पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।

ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।

प्रीति - नदी मैं पाऊँ न बोर्‌यौ, दृष्टि न रूप परागी।

'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।

(i) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है? 1

(ii) उद्‌धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की है? 1

(iii) प्रस्तुत पंक्तियों का शिल्पगत सौन्दर्य (भाषा, अलंकार व रस का नामोल्लेख) लिखिए। 1

(iv) 'गुर चाँटी ज्यौं पागी' पंक्ति के अनुसार गोपियाँ क्या कहना चाहती है? 1

**अथवा**

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान

मृतक में भी डाल देगी जान

धूलि - धूसर तुम्हारें ये गात

छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलपात

परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,

पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण

छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल

बाँस था की बबूल?

(i) बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है? 1

(ii) 'छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलपात' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

(iii) 'बाँस' और 'बबूल' शब्द किनके लिए प्रयुक्त हुए हैं और क्यों? 1

(iv) प्रस्तुत पंक्तियों का शिल्पगत - सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। 1

**14.** निराला की 'उत्साह' कविता का भाव पक्ष व कला पक्ष (शिल्पगत सौन्दर्य) स्पष्ट कीजिए। (उत्तर सीमा 60-80 शब्द) **[3]**

**अथवा**

'राम - लक्ष्मण - परशुराम संवाद व्यंग्य का अनूठा सौन्दर्य है।' उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**15.** 'बिस्मिल्ला खाँ हिन्दू - मुस्लिम एकता तथा भाईचारे के प्रतीक थे' पाठ के आलोक में कथन की व्याख्या कीजिए। (उत्तर सीमा 60 -80 शब्द) **[3]**

**अथवा**

'एक कहानी यह भी' आत्मकथ्य के आधार पर स्वाधीनता आन्दोलन के परिदृश्य का चित्रण करते हुए उसमें मन्नू भण्डारी की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

**16.** स्वयं प्रकाश का जीवन व कृतित्व परिचय संक्षेप में लिखिए। **[3]**

**अथवा**

रामवृक्ष बेनीपुरी का जीवन व कृतित्व परिचय संक्षेप में लिखिए।

**खण्ड - ( द )**

**17.** 'माता का आँचल' नामक पाठ में बच्चे मिलकर क्या-क्या तमाशे करने लग जाते थे? विस्तार से लिखिए। (उत्तर सीमा 80 - 100 शब्द) **[4]**

**अथवा**

'लोंग स्टॉक' में घूमते हुए चक्र को देखकर लेखिका को पूरे भारत की आत्मा एक-सी क्यों दिखाई दी?

**18. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 300 - 350 शब्दों में निबंध लिखिए -** **[6]**

**(i)** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ -

(1) प्रस्तावना (2) समाज की मानसिकता

(3) अभियान से लाभ (4) उपसंहार

**(ii)** देश में भ्रष्टाचार की समस्या-

(1) प्रस्तावना (2) भ्रष्टाचार के कारण

(3) निवारण के उपाय (4) उपसंहार

**(iii)** दैनिक जीवन में समाचार पत्र का महत्त्व -

(1) प्रस्तावना (2) समाचार पत्रों का महत्त्व

(3) जन -जागृति में सहायक (4) उपसंहार

**(iv)** राजस्थान के लोकगीत -

(1) प्रस्तावना (2) राजस्थान के प्रमुख लोकगीत

(3) लोकगीतों का महत्त्व (4) उपसंहार

**19.** जि शिक्षा अधिकारी, भीलवाड़ा की ओर से एक कार्यालय - पत्र प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपगढ़ को लिखिए, जिसमें राष्ट्रीय छात्रवृत्ति हेतु चयनित दो बालकों की छात्रवृत्ति राशि का उल्लेख हो। **[4]**

**अथवा**

स्वयं को यशवर्धन मानते हुए अपने पिताजी का`एक पत्र लिखिए जिसमें आपकी बोर्ड परीक्षा तैयारी एवं समय प्रबंधन के बारे में बताया गया हो।

**20.** विद्‌यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हस्तकला की वस्तुओं की प्रदर्शनी के प्रचार हेतु 25 - 50 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए। **[4]**

**अथवा**

जल संरक्षण प्रेरित हेतु एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में जिला प्रशासन, भरतपुर की ओर से तैयार कीजिए।